# बीडीओ ने प्रभार ग्रहण किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**विशुनपुरा।** विशुनपुरा के नए बीडीओ व सीओ के रूप मे राजेश कुमार ने गुरुवार को निवर्तमान बीडीओ प्रमोद कुमार से पदभार लिया। निवर्तमान बीडीओ प्रमोद कुमार ने बुके देकर नए बीडीओ का स्वागत किया। साथ ही प्रमोद कुमार को विदाई दी गयी। मौके पर प्रमोद कुमार ने कहा कि अपने कार्यकाल में सभी का भरपूर सहयोग मिला। यहां के लोग व्यवहार कुशल हैं। विशुनपुरा की यादे जेहन मे हमेशा रहेगा। नये बीडीओ ने कहा कि सभी के सहयोग से विकास कार्यों को और गति देगें। सुदूर ग्रामीण इलाकों तक विकास योजनाएं पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। मजदूरों के पलायन रोकने का काम प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा। मौके पर प्रखंड नाजिर मुकुल कुमार, सीआई जयप्रकाश गुप्ता, वीपीओ डिम्पल गुप्ता, जेई रोहित कुमार, अमल सिंह, निरंजन मिश्रा, सुबोध कुमार,मुखिया प्रतिनिधि प्रवीण कुमार, पंकज सिंह, अशोक पासवान, मुन्ना अंसारी, देवनाथ यादव सहित प्रखंड एवं अंचल कर्मी ने नए बीडीओ का स्वागत एवं निवर्तमान बीडीओ का बिदाई किया गया।

# एक बच्चे का दो दावेदार विद्यालय में मचा हंगामा

## कई घंटों तक चला हाई वोल्टेज ड्रामा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** एक पुत्र और दो मां की कहानी फिल्मों से निकल कर प्रखंड के सिलिदाग राज्यकीय मध्य विद्यालय टू में पहुंच गया है। मामला गंभीर तब हुआ जब बुधवार को एक बच्चे पर दो मां द्वारा दावा किया जाने लगा। बच्चे को पाने के लिए दोनों आपस में विद्यालय में ही झगड़ने लगे। हल्ला हंगामा सुनकर विद्यालय के सहायक अध्यापिका ने इसकी सूचना प्रधानाध्यापक को दी। प्रधानाध्यापक ने दोनों महिलाओं को अलग किया गया, इसके बावजूद भी मामला शांत नहीं हुआ। वार्ड सदस्य प्रदीप कुमार और विद्यालय प्रबंधन के अध्यक्ष द्वारा मामला शांत कराया गया। जानकारी के अनुसार सिलिदाग पंचायत के गड़ई टोला निवासी स्वर्गीय नंदू राम की पुत्री चिंता देवी की शादी 12 वर्ष पूर्व हुई थी, जिससे एक लड़का का जन्म



हुआ। लेकिन बच्चा होने के कुछ दिन बाद ही पति छोड़ कर चला गया। इसके एक वर्ष बाद ही चिंता देवी की दूसरी शादी न्यालय में दूसरे व्यक्ति से हो गया। लेकिन उक्त व्यक्ति द्वारा बच्चा साथ रखने से आपत्ति जताया। बच्चे का उम्र केवल डेढ़ वर्ष था, जिससे उसके पालन पोषण की समस्या उतपन्न हो गयी। इस कारण नंदू राम की दूसरी बेटी राजपती देवी बच्चे का पालन-पोषण का जिम्मा उठायी। बच्चे का उम्र अब 11वर्ष हो गया, लेकिन जन्म देने वाली मां को आज याद आया की अब हमें अपने बच्चे को ले जाना चाहिए। सिलिदाग विद्यालय में उक्त बच्चा पांचवी का छात्र है और वह अब जन्म देने वाली मां के साथ जाना नहीं चाह रहा था, इस बात को लेकर दोनों महिलाओं में झगड़ा हुआ। समझाने-बुझाने के बाद भी जन्म देने वाली मां मानने को तैयार नहीं हुई तब सबके सामने बच्चे से पूछा गया तो वह जन्म देने वाली मां के साथ जाने से इनकार कर दिया।

# एसबीआई ने दो लाख का क्लेम चेक दिया



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** मकरी पंचायत भवन में गुरुवार को भारतीय स्टेट बैंक शाखा भवनाथपुर ने सामाजिक सुरक्षा और बीमा योजनाओं को साकार करते हुए मकरी गांव की एक लाभुक को 2 लाख का बीमा क्लेम चेक प्रदान किया। बरवाबांध निवासी स्वर्गीय सुखदेव राम की पत्नी ललिता देवी को यह चेक प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत सौंपा गया। कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक दिलीप कुमार और मकरी पंचायत की मुखिया सरिता देवी ने संयुक्त रूप से लाभुक को चेक प्रदान किया। लाभुक के परिवार ने असमय हुई मृत्यु के बाद योजना के तहत दावा किया था। शाखा प्रबंधक ने त्वरित प्रक्रिया सुनिश्चित करते हुए सभी आवश्यक दस्तावेजों की जांच और स्वीकृति के बाद चेक सौंपा। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक दिलीप कुमार ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ढटखखइ के तहत केवल 330 वार्षिक प्रीमियम पर 2 लाख का जीवन बीमा कवर मिलता है। यह योजना हर नागरिक के लिए एक मजबूत सामाजिक सुरक्षा का विकल्प है। कार्यक्रम में ग्राहक सेवा केंद्र संचालक सुरेश पाल, प्रिंस कुमार, धनंजय साह, लुकमान राम, रामदश राम, सुनील पासवान, गुड्डी देवी, आशा देवी, ललिता देवी और अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# जविप्र लाभुकों ने प्रखंड कार्यालय पर किया हंगामा




**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत बनसानी पंचायत में संचालित विवेक महिला समूह जन वितरण प्रणाली के अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और सचिव का नाम व आधार सीडिंग, ई पॉश मशीन से हटाए जाने से नाराज उक्त समूह के सैकड़ों लाभुको ने गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर हंगामा किया। इस दौरान लाभुको ने बीडीओ सह एमओ नंदजी राम को लिखित आवेदन देकर विवेक महिला समूह में पुनः उक्त सभी का नाम जोड़ते हुए लाभुको के बीच ससमय राशन वितरण कराने की मांग की है। समूह के अध्यक्ष कविता देवी, कोषाध्यक्ष प्रभा देवी तथा सचिव जगमनी देवी ने बताई कि बीते 31 अक्तूबर 2024 को गोदाम से राशन उठाव कर वितरण हेतु ई पॉश मशीन जब लाभुको का अंगूठा का निशान लेने लगी तो मशीन बंद बता रही थी, जब उक्त मशीन की जांच कराई गई तो ई पॉश मशीन में समूह के पूर्व सदस्य मालती देवी का अध्यक्ष एवं चंद्रावती देवी का सचिव के तौर पर नाम और आधार सीडिंग कर दिया गया है। उक्त दोनों पूर्व सदस्यों का नाम गलत तरीके से ई पॉश मशीन में चढ़ाए जाने से लाभुकों के बीच 28 दिनों तक राशन वितरण नहीं किया गया। बीडीओ नंदजी राम ने कहा कि समूह के अध्यक्ष द्वारा गोदाम से राशन उठाव किए जाने के बाद भी लाभुकों के बीच 28 दिनों तक राशन वितरण नहीं किया जा सका था, जिसे लेकर उक्त समूह के अन्य सदस्यों का नाम व आधार ई पॉश मशीन में जोड़ा गया था। लाभुक अगर लिखित आवेदन देते है, तो उक्त समूह में पुनः पुराने सदस्यों का नाम जोड़े जाने हेतु जिला आपूर्ति पदाधिकारी को पत्राचार किया जायेगा। इस मौके पर झामुमो के महिला मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष जसवंता देवी, लाभुक सुनैना देवी, कविता देवी, जगमनी देवी, फूलझरी देवी, कुंती देवी, सीमा देवी, पिनू देवी, संझारी देवी, धाना देवी, राधेश्याम पासवान, शिव भुईयां, अशोक ठाकुर, सुमन कुमार, सुरेंद्र ठाकुर आदि मौजूद थे।

# अनंत प्रताप के मंत्री नहीं बनने से कार्यकर्ताओं में निराशा

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** पलामू प्रमंडल से झामुमो के इकलौते विधायक अनंत प्रताप देव को हेमंत कैबिनेट 2 में जगह नहीं मिलने पर कार्यकर्ताओं में निराशा है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि पलामू प्रमंडल से झामुमो के टिकट पर निर्वाचित विधायक अनंत प्रताप देव को हेमंत कैबिनेट 2 में अंतिम समय में उनका नाम सूची से क्यों कट गया अभी तक हम लोगों को पता नहीं चल पाया है। प्रखंड वासियों का कहना है कि मंत्री एक सरकार होता है और जिस क्षेत्र का विधायक मंत्री का पद ग्रहण करता है उस क्षेत्र का विकास की उम्मीदें काफी बढ़ जाती है।

# एनएच से अवैध शराब बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** नगर ऊंटारी थाना पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 75 पर गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए शराब से भरा एक 10 चक्का कंटेनर पकड़ा है। कंटेनर को एक कार से पेट्रोलिंग कर सुरक्षा दी जा रही थी। पुलिस ने उसे भी जब्त कर लिया है। थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। शराब के कंटेनर पर वाहन



यूपी का नंबर अंकित है। पुलिस ने कंटेनर चालक, पेट्रोलिंग कर रही कार के चालक और उसमें सवार एक अन्य व्यक्ति को हिरासत में लिया है। शराब की मात्रा का अभी आकलन किया जा रहा है। कंटेनर में रखी पेटियों की गिनती पूरी होने के बाद ही कुल शराब की मात्रा का खुलासा हो सकेगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मंत्रिमंडल में कांग्रेस को जगह देने पर आभार जताया

**खरौंधी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठित मंत्रिमंडल में कांग्रेस पार्टी के चार विधायकों को शामिल किया गया है। मांडर विधानसभा क्षेत्र से सुश्री शिल्पी नेहा तिर्की, महगावां से श्रीमती दीपिका पांडेय, जामताड़ा से श्री इरफान अंसारी, और छतरपुर से श्री राधाकृष्ण किशोर उर्फ चुन्नु राम ने मंत्री पद की शपथ ली। खरौंधी प्रखंड के चन्दनी निवासी गढ़वा जिले के कांग्रेस प्रवक्ता राहुल दुबे ने खुशी जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि सभी नवमनोनीत मंत्रियों का चयन उनकी योग्यता, मेहनत और जनता के प्रति समर्पण को ध्यान में रखते हुए किया गया है।

# सड़क दुर्घटना में तीन घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र में बुधवार की देर शाम में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गये। घायलों में उत्तरप्रदेश के विंढमगंज निवासी रौशन चन्द्रवंशी,भवनाथपुर थाना क्षेत्र के कोनमंडरा निवासी सह मारुति कंपनी के आरएम सुनील कुमार पांडेय, खरौंधी थाना क्षेत्र के राजी निवासी देवलाल पासवान का नाम शामिल है। सभी घायलों को स्थानीय लोग व पुलिस की मदद से भवनाथपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहां पर तैनात आयुष डॉक्टर नीतीश भारती एएनएम अंचला कुमारी द्वारा इलाज किया जा रहा है। पहली घटना भवनाथपुर-कांडी मुख्य पथ पर रेलवे क्रॉसिंग के समीप तीखे मोड़ पर अनियंत्रित होकर बाइक पलट जाने से विंढमगंज निवासी रौशन चन्द्रवंशी घायल हो गए। उनके साथ सफर कर रहे ओमप्रकाश चन्द्रवंशी बाल-बाल बच गए। उन्होंने बताया कि दोनों मझिगावां से लौट रहे थे। इस दौरान शिवनगरी के समीप रेलवे क्रॉसिंग के समीप तीखे मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। दूसरी घटना भवनाथपुर-श्रीबंशीधर मुख्य मार्ग पर छह मईलवा के समीप मुख्य सड़क पर दो बाइकों की सीधी टक्कर में कोनमंडरा निवासी मारुति कंपनी के आरएम सुनील पांडेय और राजी निवासी देवलाल पासवान घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घायल सुनील पांडेय ने बताया कि वे नगरउंटारी ऑफिस से बाइक द्वारा अपने साइड में घर लौट रहे थे। इस दौरान अनसाइड तेज गति आए बाइक सवार ने उनकी बाइक में सीधी टक्कर मार दी। घटना की सूचना पर भवनाथपुर थाना के एसआई निरंजन शर्मा दलबल के साथ पहुंचकर घायलों का अस्पताल लाकर इलाज कराया।

## दो बाइक की टक्कर चार लोग घायल

**धुरकी।** बिलासपुर मुख्य पथ स्थित सरईदाहा (खाला) गांव के समीप दो बाइक के बीच हुए आमने-सामने की टक्कर में चार लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान महफूज अंसारी पिता ताज मोहम्मद अंसारी, नजबून बीबी पति कलाम अंसारी, सालेहा खातून पिता कलाम अंसारी तीनों ग्राम खुटिया और मजीबुल इस्लाम पिता तैयब अंसारी ग्राम खाला के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से एम्बुलेंस के माध्यम से आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गंभीर रूप से घायल दो लोगों को सदर हॉस्पिटल गढ़वा और दो घायल महिला को अनुमंडल हॉस्पिटल में रेफर कर दिया है।

# मनरेगा योजना के क्रियान्वयन को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में गुरुवार को मनरेगा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ प्रशांत कुमार,मास्टर ट्रेनर सुरेन्द्र कुमार दुबे ,मुखिया,प्रमोद कुमार, मूंगा साह ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर मास्टर ट्रेनर सुरेन्द्र कुमार दुबे ने प्रशिक्षण शिविर में सभी पंचायत सचिव मुखिया एवं प्रज्ञा केंद्र संचालकों को मनरेगा संबंधित जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पंचायती राज के तहत यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बताया गया कि ग्राम पंचायत के लोगों को बताना है कि वो मनरेगा संबंधित कार्य अपने पंचायत सचिवालय से करा सकते हैं। ग्राम पंचायत को विकसित करने के लिए पंचायत के प्रज्ञा केंद्र संचालक ,मुखिया ,पंचायत सचिव के आपसी समन्वय से योजनाओं का लाभ लाभुकों को दिया जाना है। इससे पंचायत का कार्य पंचायत सचिवालय से ही निष्पादन किया जा सके। उन्होंने बताया की पंचायत के विकास की योजनाएं मुखिया द्वारा संचालित की जाती है। जिसका क्रियान्वयन ग्राम मुखिया के द्वारा की जाती है। पंचायत के विकास में मनरेगा योजना महत्वपूर्ण होती है,जो गांव के लोगों को मनरेगा योजना अंतगर्त रोजगार देने का कार्य करती है। इसके लिए उनके मनरेगा योजना में अधिकार व कार्य को डिजिटल व मौखिक रूप से कार्यो को करने का प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर मुखिया श्याम सुंदर बैठा, मुनी देवी, मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन कुमार गुप्ता, सीताराम शर्मा, मुखिया बसंती देवी पंचायत सचिव सुरेश राम,आदित्य कुमार, प्रज्ञा केंद्र संचालक गोखुल कुमार,रामबाबु साह, नरेन्द्र कुमार, अलखदेव गुप्ता ,गुड्डू कुमार, विशाल कुमार,रमाकांत कुमार उपस्थित थे।

## अनंत को मंत्री नहीं बनाये जाने से असंतोष

**केतार (गढ़वा)।** हेमंत सोरेन सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार में भवनाथपुर विधानसभा के नव-निर्वाचित विधायक अनंत प्रताप देव को मंत्री पद न मिलने से क्षेत्रीय लोगों में गहरी निराशा और असंतोष की भावना उभरकर सामने आई है। विधानसभा क्षेत्र के जेएमएम कार्यकर्ता ने सोशल मीडिया पर भवनाथपुर की लगातार उपेक्षा का दर्द व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के साथ राजनीतिक अन्याय बताया है। मंत्री पद से वंचित अनंत प्रताप देव क्षेत्रीय विकास को बड़ा झटका लगा है।

# कोल्ड स्टोर चालू नहीं होने से आलू औने पौने दाम में बेचने को लेकर चिंतित हैं किसान

## आलू के दाम में अप्रत्याशित रूप से इजाफा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** आयात में बढ़ी मुश्किलों की वजह से बाजार में आलू के भाव में अप्रत्याशित रूप से इजाफा उपभोक्ताओं की परेशानी का सबब बन गया है। साप्ताहिक हाट परिसर में बने कोल्ड स्टोर के चालू नहीं होने से किसान अभी से ही औने पौने दाम में आलू को बेचने को लेकर चिंतित हैं। लोगों का कहना है कि अभी की स्थिति में जब पड़ोसी राज्यों से निर्यात में मुश्किलों की वजह से बाजार में अब तक के भारी मूल्य पर आलू की खरीदारी करनी पड़ती है। कोल्ड स्टोर में भंडारण होने की स्थिति में आलू की खरीदारी के लिए ऐसी परेशानी नहीं होती। जानकर बताते हैं कि पिछली सरकार के समय ही स्थानीय के अलावा अन्य कई जगहों में कोल्ड स्टोर बनाने का काम किया गया है। मगर इसे कहीं चालू किया नहीं गया है। ऐसा लगता है कि संबंधित विभाग इसे लेकर गंभीर नहीं है। उसे न तो किसानों की चिंता है और न ही उपभोक्ताओं की। लोगों ने कोल्ड स्टोर को चालू नहीं करने के पीछे के कारणों की जांच करने की मांग करते हुए आलू की कोड़ाई से पहले कोल्ड स्टोर को चालू करने की दिशा में उचित कदम उठाने की गुहार लगाई है। जिससे किसानों को वाजिब कीमत और उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर आलू मिल सकता है।

# भीमचूल्हा में पूरी की गई शादी की रस्म अदायगी, प्रचलन बढ़ा

**मोहम्मदगंज।** भीमचूल्हा पर्यटक स्थल के शिव मंदिर प्रांगण में गुरुवार को शादी की रस्म अदायगी पूरी की गई। इसमें भिखारी बैठा की पुत्री पूनम कुमारी ( ग्राम चंद्रपुरा, पंचायत- सोनपुरवा, पोस्ट- हरिगांवा, थाना-मझिआंव, जिला- गढ़वा) की स्व. प्रमोद बैठा के पुत्र बबलू कुमार (ग्राम-राजनडीह, मोहम्मदगंज) के साथ पंडित उमाशंकर पांडेय ने हिंदू रीति रिवाज के साथ शादी की रस्म पूरी कराई। इस मौके पर सोनपुरवा के युवा मुखिया चंचल चौधरी, लड़की की माता सुशीला कुंवर, मंदिर के पुजारी गंगा तिवारी एवं दोनों पक्ष के अन्य कई लोग शामिल थे। पुजारी ने बताया कि भीमचूल्हा में काफी पहले से शादी की रस्म अदायगी पूरी की जाती रही थी। मगर इसके पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के बाद शादी के अलावा अन्य कई तरह के मांगलिक कार्य होने का प्रचलन बढ़ गया है।

**कार्यशाला**

# शिक्षकों को टीएलएम निर्माण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मान

## शिक्षकों का प्रयास विद्यार्थियों के लिए सहायक सिद्ध होगा: प्राचार्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** गढ़वा जिले के डायट रेहला में आयोजित दो दिवसीय टीचिंग लर्निंग मटेरियल (टीएलएम) निर्माण कार्यशाला में खरौंधी प्रखंड के चार शिक्षकों विनय कुमार सिंह, आनंद कुमार गुप्ता, अरविंद कुमार गुप्ता, बेलाल अहमद ने भाग लिया। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को नवीन और प्रभावी शिक्षण सामग्री तैयार करने के लिए प्रेरित करना था। कार्यशाला के तीसरे दिन, गढ़वा जिले के सभी प्रखंडों से आए लगभग 100 शिक्षकों ने अपने-




अपने विषयों पर आधारित टीएलएम का प्रदर्शन किया। डायट रेहला परिसर में लगाए गए इस मेला में शिक्षकों ने विभिन्न स्टॉलों पर अपनी-अपनी सामग्री प्रस्तुत की। खरौंधी प्रखंड के शिक्षकों ने अंग्रेजी विषय के लिए तैयार किए गए अपने टीएलएम के माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और अपनी रचनात्मकता और शिक्षण सामग्री की प्रभावशीलता से सभी को प्रभावित किया।कार्यक्रम के समापन पर डायट रेहला के प्राचार्य ने खरौंधी प्रखंड के चारों शिक्षकों को उनकी उपलब्धि के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इन शिक्षकों का प्रयास न केवल विद्यार्थियों के लिए सहायक सिद्ध होगा, बल्कि अन्य शिक्षकों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा।इस आयोजन ने गढ़वा जिले में शिक्षा के क्षेत्र में रचनात्मकता और गुणवत्ता को बढ़ावा देने के प्रति शिक्षकों की प्रतिबद्धता को दशार्या। सम्मान प्राप्त कर खरौंधी के शिक्षकों ने खुशी व्यक्त की और भविष्य में भी इसी तरह शिक्षण में नवाचार लाने की प्रतिबद्धता जताई।

# रोजगार से जोड़ने को लेकर बैठक आज

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार ने सभी आंगनबाड़ी सेविका एवं स्वास्थ्य सहिया को शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक में अनिवार्य रूप से भाग लेने का निर्देश दिया है। इस संदर्भ में जारी पत्र में उन्होंने बताया कि झारखंड श्रम नियोजन एवं कौशल विकास विभाग द्वारा 18 से 36 वर्ष के युवक-युवतियों को स्वरोजगार से जोड़ने की योजना पर चर्चा की जाएगी। बैठक का उद्देश्य प्रखंड के युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। इसमें विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी



जाएगी, जिससे युवा अपनी क्षमता के अनुसार रोजगार चुन सकें। कार्यक्रम में उपस्थित सभी संबंधित कर्मियों को इस योजना के सफल क्रियान्वयन में भूमिका निभाने की अपील की गई है।यह पहल प्रखंड के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है। इसके माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार का मार्गदर्शन मिलेगा, जिससे क्षेत्र में आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। सभी संबंधित कर्मियों से इस बैठक में समय पर उपस्थित रहने की अपील की गई है।

### बरवही टोला में अपराधियों ने ग्रामीण के घर में आग लगाई

# खिड़की से बाहर निकलकर घर के सदस्यो ने बचाई जान

■ घर के अंदर बांधी दो बकरी, बाइक समेत अनाज, कपड़ा जलकर खाक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत बंदुआ गांव के बरवही टोला में बुधवार की रात अपराधियो ने चारा उरांव के घर मे आग लगा दिया। अगलगी की घटना में पीड़ित परिवार के घर के अंदर बांधी गई दो बकरी, एक दोपहिया वाहन सहित लाखों रुपए का घर में रखा सामान व अनाज जलकर राख हो गया। घटना के बावत पीड़ित परिवार के सदस्यों ने बताया की रात्रि में परिवार के सभी सदस्य खाना खाकर घर के अंदर दूसरे कमरे मे सोए थे। रात्रि में घर के छप्पर सहित चारों ओर आग लगा देखकर परिवार के सभी सदस्य शोर मचाने लगे।घर से बाहर निकलने वाला वाले दरवाजा के चारो ओर आग लगा था। परिवार के सभी सदस्यो ने कमरा के अंदर बने खिड़की से किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान को बचाया। गांव वाले जब तक आग पर काबू पाते घर का सारा समान जलकर राख हो चुका था। गुरूवार की सुबह अगलगी की घटना की सूचना मिलने पर मनिका अंचल के सीआई अमित कुमार व अंचल कर्मी घटनास्थल पहुंच कर पीड़ित परिजनों से घटना के संबंध में जानकारी ली। समाचार लिखे जाने तक पीड़ित परिवारा द्वारा मनिका थाना में मामला दर्ज नहीं कराया गया था। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर कांग्रेस के युवा प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव ने जिला प्रशासन से अगलगी की घटना का प्रभावित परिजनो को आर्थिक सहायता के साथ मुआवजा देने की मांग की है।

## कुएं में डूबने से अधेड़ की संदेहास्पद मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मयूरहंड (चतरा)।** थाना क्षेत्र के फुलांग गांव निवासी 61 वर्षीय किशोरी साव की मौत संदेहास्पद स्थिति में कुएं में डूबने से हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार मृतक किशोरी साव बुधवार शाम अपने घर से गांव तरफ निकले थे, लेकिन देर रात तक लौटकर घर वापस नहीं आए। परिजनों ने अपने स्तर से काफी खोजबीन की पर पता नहीं चला। गुरुवार सुबह गांव के ही बाबूलाल भुइयां के घर के बगल के कुआं में शव तैरता मिला। बाबूलाल भुइयां की पत्नी सुबह कुआं पर पानी लेने गई तो मृतक का शव देखा। उसके हो हल्ला की आवाज सुनकर ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे और शव को कुएं से बाहर निकाला। इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पाकर थाना प्रभारी अमित कुमार स-दलबल घटना स्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर लाश का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। मृतक अपने पीछे बुढ़ी मां,पत्नी,दो लड़का एक लड़की को छोड़ गए हैं। घटना के बाद परिवार वालों का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं गावं में मातम पसरा है। परिजनों ने मृतक के साथ मारपीट कर हत्या करने की आशंका जतायी है। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि अभी तक परिजनों द्वारा कोई लिखित आवेदन थाने में नहीं दी गई है।आवेदन के बाद प्राथमिकी दर्ज की जायेगी। छानबीन के बाद ही पता चल पाएगा कि यह आत्महत्या या हत्या का मामला है।

## पुलिस ने 967 कार्टून विदेशी शराब किया जब्त

● मवेशी का चारा लदे ट्रक में छिपाकर ले जाया जा रहा था शराब



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार\चंदवा।** चंदवा पुलिस ने अवैध रूप से ले जा रहे शराब की बड़ी खेप को पकड़ा है। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि लातेहार की ओर से एक ट्रक में पशु चारे के आड़ में अवैध शराब लेकर रांची ले जाया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद छापेमारी दल का गठन कर चंदवा थाना के इंदिरा गांधी चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 14 चक्का ट्रक को रोककर उसकी गहन जांच की गई। जांच के दौरान ट्रक के उपर पशु चारा की आड़ में 967 कार्टून विदेशी शराब छिपाकर रखा था। इस मामले पर पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने पुलिस सभागार मे प्रेसवार्ता कर बताया लातेहार की ओर से एक ट्रक पशु चारे की आड़ में अवैध शराब लोड कर कर रांची ले जाया जा रहा था। उन्होंने बताया कि राजस्थान का नंबर का ट्रक जो हरियाणा से अवैध रूप से शराब लेकर रांची ले जाया जा रहा था। इस दौरान दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार व्यक्तियों में काना राम उम्र 45 वर्ष, किशन राम 28 वर्ष बागमेर राजस्थान का रहने वाला है।

### आपूर्ति विभाग से संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक

# शतप्रतिशत पीवीटीजी परिवारों को डाकिया योजना का लाभ देने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के सुचारू रूप से क्रियान्वयन को लेकर समाहरणालय सभागार में बैठक आयोजित कि गई। बैठक में राशन वितरण, आधार सीडिंग, डुप्लीकेट राशन कार्ड संबंधित प्रखंडवार समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत खाद्यान्न उठाव, परिवहन एवं वितरण की वर्तमान स्थिति की समीक्षा कर असंतोषजनक प्रगति को लेकर जिला आपूर्ति पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिया। खाद्यान्नों का ससमय उठाव कराते हुए हर माह के 20 तारीख तक शत प्रतिशत वितरण कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही चना दाल वितरण की समीक्षा के क्रम में सभी एमओ को वितरण कार्य में प्रगति लाने का निदेश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देश किया कि खाद्यान्न का उठाव एवं वितरण शत प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश करते हुए कहा कि खाद्यान्न के उठाव एवं वितरण में लापरवाही बर्दाशत नही की जायेगी। बैठक में जिले में पीवीटीजी परिवारों को डाकिया योजना से दी जाने वाली राशन संबंधित समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि पीवीटीजी परिवारों को ससमय शतप्रतिशत डाकिया योजना का लाभ मिले इसे सुनिश्चित करें। सोना-सोबरन धोती साड़ी वितरण योजनान्तर्गत सभी लाभुकों को शत प्रतिशत लाभान्वित करने का निर्देश दिया गया। बीएसओ व डीएसओ लॉगिन में लंबित मामलों को एक हफ्ते में निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। नया राशनकार्ड, डीलर चेंज, डिलीट मेंबर एवं राशनकार्ड सरेन्डर वाले मामलों में भौतिक सत्यापन के बाद ही अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। साथ ही पीजीएमएस पोर्टल में लंबित मामलों को जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा आधार सिडिंग, राशन कार्ड, ई-पॉश मशीन, मुख्यमंत्री दाल भात योजना, पीजीएमएस शिकायत, चना दाल का उठाव, नमक वितरण, चीनी वितरण,ग्रीन टू राशन कार्ड की समीक्षा की। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, एमओ उपस्थित थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्स-रे मशीन, लैब संचालित करने का प्रस्ताव पारित

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को पंचायत समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख अनीता यादव ने की। संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने किया। बैठक में शिक्षा विभाग व प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी की लापरवाही के कारण नवोदय में चयनित आलिस के नामांकन नहीं होने का मुद्दा छाया रहा। बैठक में उपस्थित शिक्षा विभाग के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी को जमकर फटकार लगाया गया। मौके पर ही प्रमुख ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से बात कर जल्द नामांकन करने का आग्रह किया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने दो दिन के अंदर आलिस के नामांकन किए जाने की बात कही। प्रखंड मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्स-रे मशीन एवं लैब संचालित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। स्वास्थ्य विभाग से एक्स-रे मशीन के साथ-साथ लैब शुरू करने की मांग की गई।प्रखंड कार्यालय के सिंगल विंडो सेंटर में लाल मिट्टी जांच प्रारंभ करने को कहा गया। बैठक में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में मीनू के अनुसार छात्रों को भोजन उपलब्ध नहीं होने पर रोष व्यक्त किया गया। बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया की स्थानीय स्तर पर प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास, अबुआ आवास जैसे कई निर्माण कार्य चल रहे हैं। बालू की सप्लाई करने वाले लोगों को रियायत देने की बात कही गई। अवैध बालू उठाव कर हजारीबाग,चतरा से अन्य शहरों में सप्लाई करने वाले वैसे माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही गई। प्रखंड के सभी पैक्स कार्यालय में धान क्रय केंद्र स्थापित करने की मांग सहकारिता विभाग से किया गया, ताकि किसानों को धान बेचने में कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। मनरेगा योजना की जांच कमेटी गठन कर पंचायतवार जांच करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक से अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाते हुए कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। बैठक में उप प्रमुख प्रीतम यादव,अंचल अधिकारी अनंत शयनम विश्वकर्मा,थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी जॉन कुमार मरांडी,पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी,सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा,विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी, विभिन्न विभाग के अधिकारी सहित थे।

## जिला परिषद ने मगध विस्थापित ग्रामीणों के साथ की बैठक

● ग्रामीणों ने मगध माइंस पर मनमानी करने का लगाया आरोप



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत सीसीएल के मगध माइंस के विस्थापित आरा ग्राम के ग्रामीणों से गुरुवार को जिप अध्यक्ष सहित जिला परिषद की टीम व भाजपा नेता ने संयुक्त बैठक की। बैठक में आरा ग्राम के विस्थापित भू रैयतों ने सीसीएल द्वारा किए जा रहे व्यवहार से अवगत कराया। रैयतों ने सीसीएल पर आरोप लगाते हुए कहा कि मगध सीसीएल कोलियरी का इस क्षेत्र में खुले कई वर्षों बीत गया। आज भी ग्रामीणों को उनके जमीन का मुआवजा नौकरी और क्षेत्र का विकास नहीं किया गया है। जिस जमीन पर न्यायालय में मामला लंबित है उस जमीन पर भी मनमाना तरीके से बिना भू स्वामित्व को जानकारी दिए सीसीएल द्वारा खनन कराई जा रही है। यहां पर पीने के लिए शुद्ध पानी तक नहीं मिल रहा है। स्वास्थ्य, शिक्षा, का भी उचित व्यवस्था नहीं की गई है। बच्चे किसी तरह एक गाड़ी से 20 किलोमीटर दूर बालूमाथ पढ़ने जाते हैं। स्वास्थ्य जांच के लिए भी बालूमाथ जाना पड़ता है। ऐसी कई मूलभूत समस्या से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। मौके पर जिप अध्यक्ष पूनम देवी ने कहा कि सीसीएल की मनमानी है। नियम कानून को तक पर रखते हुए सीसीएल ग्रामीण पर जायजती कर रही है। सीसीएल के विस्थापन नीति के अनुसार ग्रामीणों को नौकरी, मुआवजा ,रोजगार और क्षेत्र की समुचित विकास के तहत बिजली, पानी, स्कूल, अस्पताल, सड़क की व्यवस्था देनी चाहिए। मौके पर जिप सदस्य विनोद उरांव, प्रियंका देवी,कन्हाई सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा क्षेत्रीय मुखिया परमेश्वर उरांव के अलावे ग्रामीण सुबोध प्रसाद,रवि प्रकाश,महेंद्र साव,तुलसी साव, पदुम यादव, जितेंद्र प्रसाद, शंभू सावआदि महिला गूंजा देवी,अंजू देवी,पूनम देवी कालो देवी आदि कई ग्रामीण मौजूद थे।

**जिप सदस्यों की टीम ने जीएम को ज्ञापन सौंपा :** इस दौरान जिला परिषद की टीम ने भू रैयत ग्रामीणों से पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि की समस्या को जानकर मगध महाप्रबंधक कार्यालय में पहुंचे। उन्होंने जीएम नृपेंद्र नाथ से मिल ज्ञापन सौंप ग्रामीणों के समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान जीएम ने पानी आदि समस्या को समाधान करने का आश्वासन दिया। कहा कि इस क्षेत्र की जो भी समस्या रही है उसे वरीय विभाग को अवगत कराया जा चुका है। जो समस्या बताया जा रहा है उन समस्याओं के समाधान के लिए भी वरीय कार्यालय को अवगत कराते हुए समाधान किया जाएगा।

## सांसद ने उठाया प्रदूषण व कोल वाहनों से दुर्घटना का मामला

**टंडवा (चतरा)।** पिछले डेढ़ दशक से भारी प्रदूषण और कोल वाहनों द्वारा सड़क दुर्घटना से त्रस्त व क्षुब्ध लोगों का मामला सदन में गूंजने से आमलोगों में जल्द स्थिति सुधरने को लेकर उम्मीद जगी है। दरअसल चतरा लोकसभा सांसद कालीचरण सिंह ने नियम 377 के तहत गुरुवार को सदन के पटल पर कोल वाहनों से दुर्घटना, प्रदूषण, पानी और स्थानीय लोगों के रोजी-रोजगार के बहुप्रतीक्षित मुद्दे को उठाया। उन्होंने सीसीएल के आम्रपाली,मगध, पिपरवार व खलारी कोल परियोजना से जुड़े क्षेत्रों की भयावहता को बारीकी से रखा। बता दें कि पिछले डेढ़ दशक में कोल वाहनों से हजारों लोगों की मौत के बाद घंटों मुआवजे की मशक्कत हो या प्रदूषण नियंत्रण व स्थानीयों के नियोजन का मामला पहली बार संसद में देखा। बता दें कि प्रदूषण और कोल वाहन से दुर्घटनाओं पर रोक लगाने की मांग को लेकर पिछले माह बड़ी संख्या में टाना भगतों ने एनटीपीसी व सीसीएल के विरुद्ध जिला मुख्यालय का घेराव किया था।

## एक नजर

### मनरेगा की प्रखंड स्तरीय जन सुनवाई का आयोजन

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर मे बीडीओ अमित कुमार पासवान व लोकपाल संतोष कुमार पंडित के देख5रेख मे प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मनरेगा योजना अतर्गत पूर्ण एवं अपूर्ण योजनाओं का वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2023-24 तक का योजनाओं का प्रखंड में जन सुनवाई की गई। 2021-22 से लेकर 2023-24 तक कुल मामला 111 आया। सभी 111 मामलों को प्रखंड स्तर पर निष्पादित किया गया। इसके तहत 143500 रुपए की रिकवरी की गई। 82956 रुपया का आदेश दिया गया। मौके पर बीपीओ केतन गुप्ता, ज्यूरी मेंबर जिला परिषद सदस्य रमेश राम, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, डीआरपी प्रवीण कर्ण, जेएसएलपीएस कर्मी सविता देवी, जेई आशीष गुप्ता, एई सत्येंद्र उरांव, सभी पंचायत के रोजगार सेवक एवं सभी पंचायत के पंचायत सचिव सहित काफी संख्या मे प्रखण्ड कर्मी उपस्थित थे।

### एनएचएआई के खिलाफ 11 को प्रदर्शन करेंगे रैयत

**चंदवा।** कुडू से उदयपुरा तक प्रस्तावित फोरलेन सड़क निर्माण से प्रभावित होने वाले रैयत 11 दिसंबर को एनएचएआई प्रभावित संघर्ष समिति के बैनर तले अंचल कार्यालय के समीप रोषपूर्ण प्रदर्शन करेंगे। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। रैयतों ने कहा कि फोर लेन सड़क का निर्माण कराने वाली कंपनी द्वारा बिना रैयतों को विश्वास में लिये हुए कार्य शुरू कर दिया गया है। जिससे रैयतों के बीच उहापोह की स्थिति बनी हुई है। हाल सर्वे में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई है जिसके कारण रैयतों को परेशानी हो रही है। समिति के द्वारा इस संबंध में कई बार चंदवा अंचलाधिकारी, उपायुक्त को पत्राचार किया गया है, लेकिन अभी तक इस पर कोई पहल नहीं की गई है।

# तोड़े गए पीएम आवास का जांच करने पहुंचे बीडीओ

▸▸ पीड़ित ग्रामीणों के बीच बीडीओ ने बांटा राशन





**नवीन मेल संवाददाता**

**कुन्दा (चतरा)।** ककहिया गांव का प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत सिन्हा ने गुरुवार को जायजा लिया, जहां वन विभाग द्वारा बिना सूचना और नोटिस के ग्रामीणों के घरों को तोड़ा गया था। बीडीओ ने वहां की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया और ग्रामीणों से मुलाकात की। ग्रामीणों ने बीडीओ को बताया कि मंगलवार को वन विभाग ने बिना किसी पूर्व सूचना के उनके घर तोड़ दिए, जिससे वे खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए हैं। बीडीओ ने देखा कि एक आदिवासी महिला, पार्वती देवी, टूटे हुए घर के बाहर आग में मकई पका कर अपने बच्चों को खिला रही थी। पूछने पर पार्वती देवी ने बताया कि घर टूट जाने के बाद घर का सारा अनाज दब गया, और यह थोड़ा सा अनाज ही बचा था जिसे आग में पका कर बच्चों को दिया जा रहा था। बीडीओ ने तुरंत एक क्विंटल चावल की व्यवस्था करवाई और उसे गांव वालों में वितरित किया।

## डॉ भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस मनाने का निर्णय

**बारियातू।** प्रखंड के ब्लॉक कार्यालय के सामने बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर की परिनिर्वाण दिवस मनाने को लेकर खरवार भोगता विकास संघ के कोषाध्यक्ष योगेंद्र गंझू की अध्यक्षता मे बैठक हुई। बाबा साहेब के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया की शिल्पकार भारत के संविधान निमार्ता बाबा साहेब का मृत्यु 6 दिसंबर 1956 को हुआ था, सिसको लेकर सर्वसम्मति से 6 दिसंबर शुक्रवार को 12 बजे सरना स्थल नचना मे परिनिर्वाण दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। परिनिर्वाण दिवस मे अधिक से अधिक लोगों को शामिल होने की अपील की गई। मौके पर राजेश लोहरा, अरुण कुमार, चंद्रशेखर लोहरा, बैजू लोहरा, रामा शंकर रविदास, मंदीप राम सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### पुलिस ने अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर को किया जब्त

**गिद्धौर (चतरा)।** पुलिस ने बालू माफियाओं के विरुद्ध गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए दो ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बलबल नदी से अवैध बालू उठाव की करते दो ट्रैक्टर को जब्त किया। उन्होंने बताया क्रि गुप्त सूचना मिलने पर छापेमारी दल का गठन कर कार्रवाई की गई। पुलिस के इस करवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मची हुई है।

### सीओ ने की प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ बैठक, दिया निर्देश

**महुआडांड़।** अंचल पदाधिकारी संतोष कुमार बैठा की अध्यक्षता में अंचल कार्यालय में ऑपरेटर अर्पण गुप्ता, मोहम्मद शोएब एवं प्रखंड के प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ बैठक कर अधिक से अधिक जमीन रसीद काटने का निर्देश दिया। सरकार ने लोगों को परेशानी से बचने के लिए ऑनलाइन रसीद काटने की सुविधा प्रदान की है, ताकि लोग कार्यालय का चक्कर नहीं लगाएं और अपनी सुविधानुसार जमीन का राजस्व रसीद कटा लें। प्रायः देखा जा रहा है कि लोग एक बार ऑनलाइन रसीद कट जाने के बाद इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं, जिससे सरकार को भू-राजस्व में भी क्षति हो रही है। बैठक के दौरान प्रज्ञा केंद्र संचालकों को निर्देश देते हुए कहा गया कि जाति, स्थानीय, आय प्रमाण पत्रों के लिए सभी ऑपरेटर चालू वर्ष का रशीद ले, साथ ही प्रखंड के सभी रियासतों से जल्द जमीन रसीद कटा लेने की अपील की है।

### अंचल एक सीआई व एक हल्का कर्मचारी के भरोसे चल रहा

**महुआडांड़।** अंचल अंतर्गत 10 हल्का पर एक अंचल निरीक्षक और एक हल्का कर्मचारी के भरोसे कार्य चलने के कारण जमीन संबंधित कार्य, जाति,आय प्रमाण पत्र कार्य निष्पादन करने में काफी दिक्कत हो रही है। कर्मचारी की कमी से बहुत सारे फार्म कई सप्ताह से हल्का कर्मचारी साइट पर पेडिगं पड़ा हुआ है, जिससे जाति,आय आवासीय प्रमाणपत्र निर्गत होने में काफी देरी हो रही है। साथ ही जमीन संबंधित कार्य पूरी तरह से बंद है। इस कारण ग्रामीण अक्सर अंचल कार्यालय का चक्कर काट रहे है। लोगों ने हल्का कर्मचारी अंचल कार्यालय में पदस्थापित करने की मांग डीसी लातेहार से की है। बताते चले की अंचल निरीक्षक का कार्य भी प्रभार में रहकर किया जा रहा है।

### 9 दिसंबर को ग्रामसभा की तिथि निर्धारित

**टंडवा (चतरा)।** सीसीएल के आम्रपाली चंद्रगुप्त परियोजना क्षेत्र में रेलवे लूप लाइन निर्माण के संदर्भ में सेरनदाग से वन अनापत्ति के लिए गुरुवार को अंचलाधिकारी ने पत्र जारी किया है। बता दें उक्त प्रोजेक्ट को लेकर ग्रामीणों के तीखे विरोध के कारण लगभग एक दर्जन से अधिक बार सीसीएल व राजस्व विभाग का किया गया प्रयास विफल हो गया है। सीओ ने 9 दिसंबर को बाजार टांड में आयोजित ग्रामसभा में पर्याप्त पुलिस बलों की मौजूदगी में प्रतिनियुक्त राजस्व कर्मियों को सुस्पष्ट साक्ष्यों के साथ पंजी संधारण करने का निर्देश जारी किया है।

### सीओ ने सीडीपीओ का प्रभार ग्रहण किया

**गारू (लातेहार)।** जिले के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर महुआडांड़ सीओ संतोष बैठा ने बाल विकास परियोजना पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार गारू सीओ दिनेश कुमार मिश्र को सौंपा दिया। संतोष बैठा गारू के बीडीओ सीओ के अतिरिक प्रभार के साथ बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के भी प्रभार में थे। गारू सीओ दिनेश कुमार मिश्र प्रभार ग्रहण के बाद कहा कि उनका उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों व धात्री माताओं तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना होगा। मौके पर पर्यवेक्षिका श्वेता कुमारी, एलिजाबेथ टोपनो समेत कई आंगनवाड़ी सेविका उपस्थित थीं।

### संजय यादव को मंत्री बनाने पर राजद ने दी बधाई



**बालूमाथ।** झारखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री बने संजय प्रसाद यादव बालूमाथ राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव ने बुके देकर बधाई दी है। प्रीतलाल यादव ने बताया कि राजद पार्टी के गोड्डा विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय प्रसाद यादव को मंत्री बनाया है। इससे राजद परिवार में खुशी की लहर है। संजय यादव को कैबिनेट में शामिल होने से राज्य के विकास में और भी तेजी आएगी। राजद पार्टी के कार्यकर्ताओं में और भी ऊर्जा का संचार हुआ है। बधाई देने वालों में राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव के अलावा लातेहार विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी अरविंद यादव ,उपेंद्र यादव,हेरहंज राजद प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ उरांव,व्यास यादव,जितेंद्र यादव,हरिहर यादव,राजन यादव,उमेश यादव ,अमित लाल,मनोज यादव (चतरा )सहित अन्य के नाम शामिल हैं।

### मनरेगा योजनाओं की जनसुनवाई, कई मामलों का निष्पादन

**गारू (लातेहार)।** गारू प्रखंड के कार्यालय सभागार में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा के तहत वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23 और 2023-24 के सामाजिक अंकेक्षण पर प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान मनरेगा योजनाओं में आई अनियमितताओं पर चर्चा की गई। ग्राम पंचायतों में संचालित योजनाओं की स्थिति, मजदूरी भुगतान में देरी और कार्य के गुणवत्ताहीन होने जैसे मुद्दे सामने आए। संबंधित अधिकारियों ने कई शिकायतों का मौके पर ही निष्पादन किया और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। ग्रामीणों ने सामग्री आपूर्ति और अन्य समस्याओं से जुड़े मुद्दे उठाए। कार्यक्रम में अधिकारियों ने पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। इससे पहले भी गारू प्रखंड में सामाजिक अंकेक्षण के दौरान अनियमितताएं पाई गई थीं। ऐसे कार्यक्रमों से ग्रामीणों को अपनी शिकायतें सीधे अधिकारियों तक पहुंचाने का अवसर मिलता है, जिससे योजनाओं की गुणवत्ता और प्रभावशीलता में सुधार होती है।

### आभार सभा 7 को, तैयारी पूरी

**बारियातू।** लातेहार विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रकाश राम के जीत की खुशी में 7 दिसंबर को 11 बजे बारियातू खेल स्टेडियम में आभार सभा का आयोजन किया गया है। भाजपा नेता सोनू प्रजापति ने बताया कि कार्यक्रम में बारियातू मंडल में निवास कर रहे, जिले के पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, मंडल के पदाधिकारियों, सभी मोर्चा के अध्यक्ष अपने-अपने केमटी व सदस्य के भाग लेंगे। इसके अलावा पंचायत के संयोजक सहसंयोजक सभी बूथों के अध्यक्ष अपने कमेटी सदस्य के साथ आमंत्रित किए गए हैं।

### पिपरवार जूनियर ने इलेवन ब्रदर्स चतरा को चार विकेट से हराया

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के जवाहरलाल स्टेडियम में चतरा जिला क्रिकेट एसोसियेशन के तत्वावधान में खेले जा रहे लीग मैच में गुरुवार को पिपरवार जूनियर बनाम इलेवन ब्रदर चतरा के बीच मैच खेला गया, जिसमे पिपरवार जूनियर की टीम ने इलेवन ब्रदर्स चतरा को चार विकेट से हरा दिया। बताया जाता है कि पिपरवार जूनियर की टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्र रक्षण करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए इलेवन ब्रदर चतरा की टीम ने निर्धारित 30 ओवर में छह विकेट खो कर 223 रन बनाया। जिसमें सर्वाधिक स्कोर जिगर ने 97 रन, अधिराज ने 58 रनों का योगदान दिया। पिपरवार जूनियर की ओर से गेंदबाजी करते हुए रौशन गोस्वामी,अनिकेत उरांव ने दो दो,मजीद व शौर्य ने एक एक विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी पिपरवार जूनियर की टीम ने 25.2 ओवर में छह विकेट खो कर 224 रनों का लक्ष्य हासिल कर लिया। जिसमें सर्वाधिक रोशन गोस्वामी 90, शाहनवाज ने 35 व कुलदीप ने 25 रन का योगदान दिया। इलेवन ब्रदर चतरा के तरफ से गेंदबाजी करते हुए विक्रम व नियाज अंसारी ने दो दो, अर्पित व अधिराज ने एक एक विकेट लिया।इस तरह से पिपरवार जूनियर की टीम ने इलेवन ब्रदर चतरा को चार विकेट से हराया।मैं ऑफ द मैच रौशन गोस्वामी को दिया गया।

### जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान, बोली जया पांडेय

# लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के लिए प्रचार-प्रसार जरूरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान जो 25 नवंबर से 23 दिसंबर तक चलने वाली है। बाल विकास परियोजना सेन्हा के तत्वाधान में प्रखंड मुख्यालय के बगल पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से कार्यालय बाल विकास परियोजना, सेन्हा से महिला सुपरवाइजर जया पाण्डेय, सुषमा कुजूर, बाबी कुमारी, सेविका ने कहा कि लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के लिए प्रचार-प्रसार एवं लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाये जाने की आवश्यकता है।



उन्होंने कहा कि महिलाओं के हिंसा पर सभी जगह परिचर्चा एवं चिंतन होना चाहिए तथा इसके उन्मूलन के लिए सामाजिक संगठनों के साथ योजना बनाकर कार्य करने की आवश्यकता है। महिलाओं के प्रति हिंसा रोकने के लिए बनाए गए कानूनों को लागू करने की सामाजिक जिम्मेदारी है।

महिलाओं के महानता के बारे में बताते हुए उन्होंने बताया कि वह पूरे भारत देश की माता है उनकी सम्मान एवं पूजा होनी चाहिए। साथ ही टोलफ्री नंबर की जानकारी दी गई अंत में मौजूद सभी को सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के पवन कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से शपथ ग्रहण कराया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज (सी3) के प्रतिनिधि, एकजुट संस्था के प्रतिनिधि का योगदान रहा।

## अनियंत्रित बाइक ने ऑटो में मारी टक्कर तीन घायल, दो रेफर

**कुडू (लोहरदगा)।** कुडू में तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक ने ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे तीन युवक घायल हो गए। घटना कुडू थाना क्षेत्र के टाटी गांव के पास बुधवार की रात करीब 8 बजे हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कुडू की ओर जा रहे ऑटो में विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर ऑटो से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो चालक गाड़ी से निकलकर सड़क पर जा गिरा। वहीं बाइक पर सवार दोनों युवक भी सड़क पर गिर गए। घायलों में कुडू थाना क्षेत्र के चंडू गांव निवासी बाइक सवार राजा अंसारी और चरकु उर्फ शफीक अंसारी एवं टेम्पो चालक अमर महतो के रूप में हुई है। सभी का कुडू अस्पताल में इलाज के बाद गंभीर रूप से घायल दोनो बाइक सवारों को रेफर कर दिया गया।


## कार्यालय:- नगर पंचायत मझिआँव

E-mail :- nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com

### आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तिय वर्ष 2024–25 तक में कुल–29 होल्डिंग धारकों द्वारा टैक्स का भुगतान नही करने पर नगर पंचायत मझिआँव अंतर्गत संचालित जन सुविधा केन्द्र के कर्मियों के द्वारा बार–बार घर–घर जाकर तथा नोटिस के माध्यम से सूचित करने के बावजूद भी बडे बकाया होल्डिंग टैक्स जमा नही किया गया, वैसे होल्डिंगधारक 07 (सात) दिनों के अंदर कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव के जन सुविधा केन्द्र में आकर अपना होल्डिंग टैक्स भुगतान करना सुनिश्चित करें, अन्यथा झारखण्ड नगर पालिका अधिनियम के धारा 184 के क्रम संख्या–16.1 के तहत आपके बैक खाता को फ्रिज करने की कार्रवाई की जायेगी। बकायादार होल्डिंग धारकों की विवरणी निम्न प्रकार हैः–

| Sl_no | Ward_no | Holding_no | Owner_Name | Upto_dmd | Amount |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7 | '0070000780000X1 | Ajay Kumar Sah | 4/2024-2025 | 22381.00 |
| 2 | 6 | '0060000604000M0 | RAJENDRA SINGH, Sudarshan singh, RINA DEVI,RAJ KUMAR SINGH | 4/2024-2025 | 16630.00 |
| 3 | 2 | '0030000582000M0 | ARUN KUMAR DUBEY VINOD KUMAR DUBEY KRIPASHANKAR DUBEY SHAILA DEVI AMIT KUMAR DUBEY | 4/2024-2025 | 15889.00 |
| 4 | 7 | '0070000200000X1 | SATENDRA PRASAD JAISWAL | 4/2024-2025 | 16944.00 |
| 5 | 7 | '0070000242000X1 | NARAYAN PRASAD RAJAK | 4/2024-2025 | 15524.00 |
| 6 | 4 | '0040000163000A1 | RAJ KUMAR SONI | 4/2024-2025 | 14489.00 |
| 7 | 3 | '0030000356000M0 | SAILENDRA VISHWAKARMA | 4/2024-2025 | 13454.00 |
| 8 | 9 | '0090000304000A8 | KAMLA DEVI,KAMLA DEVI | 4/2024-2025 | 13193.00 |
| 9 | 3 | '0030000024000X1 | NAGENDRA PRASAD SINGH | 4/2024-2025 | 11282.00 |
| 10 | 8 | '0080000229000M0 | Mandip Saw Sugrim Saw Sudama Saw | 4/2024-2025 | 10975.00 |
| 11 | 5 | '0050000147000X4 | MINA DEVI | 4/2024-2025 | 9857.00 |
| 12 | 6 | '0030000574000M0 | RINA DEVI,RAJENDRA SINGH,SUDARSHAN SINGH,RAJ KUMAR SINGH | 4/2024-2025 | 10347.00 |
| 13 | 7 | '0070000027000X1 | UDESH SHARMA | 4/2024-2025 | 9607.00 |
| 14 | 11 | '0110000169000A5 | RAMESH KUMAR RAVI | 4/2024-2025 | 11107.00 |
| 15 | 3 | '0030000052000A1 | SUMITRA SONI | 4/2024-2025 | 9550.00 |
| 16 | 6 | '0060000324000A4 | SANTOSH KUMAR SHARMA | 4/2024-2025 | 8702.00 |
| 17 | 7 | '0070000087000X4 | JANESHWER SHARMA | 4/2024-2025 | 8555.00 |
| 18 | 6 | '0060000110000A1 | NAGESHWAR VISHWKRMA | 4/2024-2025 | 8916.00 |
| 19 | 5 | '0050000063000A1 | ANNPURNA DEVI | 4/2024-2025 | 8821.00 |
| 20 | 7 | '0070000169000A4 | GUPTESHWAR SINGH | 4/2024-2025 | 8746.00 |
| 21 | 7 | '0070000052000X1 | KAMLA SINGH | 4/2024-2025 | 8224.00 |
| 22 | 3 | '0030000114000A4 | SURENDRA KUMAR SINGH | 4/2024-2025 | 7758.00 |
| 23 | 5 | '0050000038000X1 | MITHLESH KUMAR | 4/2024-2025 | 8433.00 |
| 24 | 7 | '0070000356000X1 | AMOD KUMAR SINGH | 4/2024-2025 | 7693.00 |
| 25 | 4 | '0040000015000A1 | Bigan ram | 4/2024-2025 | 8400.00 |
| 26 | 8 | '0080000083000A1 | SHANTI DEVI | 4/2024-2025 | 8400.00 |
| 27 | 5 | '0050000161000A1 | SHILA DEVI | 4/2024-2025 | 8634.00 |
| 28 | 6 | '0060000270000A4 | Awadhesh Ram | 4/2024-2025 | 8265.00 |
| 29 | 7 | '0070000147000X1 | KAMLA DEVI | 4/2024-2025 | 8063.00 |

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिआँव।

PR.NO.341228 Urban Development(24-25):D


## न्यूज बॉक्स

### चमरा लिंडा व शिल्पी नेहा को मंत्री बनने पर क्षेत्र में खुशी



**कैरो (लोहरदगा)।** चमरा लिंडा व शिल्पी नेहा तिर्की को मंत्री बनाये जाने पर झामुमो व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर व एक दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी का इजहार किया। वहीं मुख्यमंत्री समेत मंत्री मंडल में शामिल सभी मंत्रियों को बधाई दी। मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य समीद अंसारी ने कहा लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से जे एम एम व कांग्रेस दोनों पार्टी से एक एक विधायक को मंत्री बनाना बड़ी खुशी की बात है क्षेत्र से दो मंत्री होने से विकास को गति मिलेगी साथ ही साथ पार्टी संगठन को भी मजबूती मिलेगी। मौके पर झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष मो सजाद, सचिव धनपत उरांव, अख्तर अंसारी, रेयाज अंसारी, मतलूब अंसारी, समीरुद्दीन अंसारी, मुस्लिम अंसारी, महताब आलम,सोमरा उरांव आदि उपस्थित थे।

### चमरा लिंडा के मंत्री बनने पर बांटी गयी मिठाई



**भंडरा।** बिशुनपुर क्षेत्र के झामुमो विधायक चमरा लिंडा को हेमंत सरकार में कैबिनेट मंत्री की शपथ दिलाते ही उनके समर्थकों में खुशी छा गई। भंडरा नवडीहा चौक में प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी, झामुमो नेता व पूर्व जिप सदस्य शामिल उरांव, विधायक प्रतिनिधि मिठू उरांव के नेतृत्व मे समर्थकों ने मिठाई बांटकर एक दूसरे को बधाई दी। लगातार तीसरी बार विधायक बने चमरा लिंडा के शपथ कार्यक्रम को देखने के लिए समर्थक तय समय पर दोपहर में टीवी सेट के सामने बैठ गए थे। जब विधायक ने शपथ ली तो भंडरा में जगह-जगह लोगों ने खुशी का इजहार करते हुए मिठाइयां बांटनी शुरू कर दीं। झामुमो के पार्टी के भंडरा विधायक प्रतिनिधि मिट्ठू उरांव, प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी व पूर्व जिप सदस्य शामिल उरांव के नेतृत्व मे नवडीहा चौक में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। जैसे ही चमरा लिंडा ने मंत्री पद की शपथ ली, इसके बाद भंडरा नवडीहा चौक मे कार्यकताओं ने जमकर नृत्य और आतिशबाजी करते हुए खुशी का इजहार किया। इस बाबत प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी एवं पूर्व जिप सदस्य व झामुमो नेता शामिल उरांव ने कहा की चमरा लिंडा को पार्टी ने एक कार्यकर्त्ता से लेकर विधायक और अब मंत्री का दर्जा देने का काम किया है यह पुरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा की अब क्षेत्र के साथ साथ राज्य के विकास में एक नया आयाम लिखा जायेगा।

### विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**लोहरदगा।** जिला कृषि प्रांगण लोहरदगा में विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में सभी प्रखंडों से आए लगभग 60 प्रगतिशील किसान एवं महिला कृषकों को विश्व मृदा दिवस की प्रतिज्ञा (शपथ) उप विकास आयुक्त द्वारा दिलाया गया। कार्यक्रम में आदरणीय अतिथि महोदय द्वारा सॉइल हेल्थ कार्ड जांच के महत्व के बारे में बताया गया झारखंड के किसानों के पास छोटे आकार में खेतों की उपलब्ध रहने के कारण किसानों को अनुशंसित मात्रा के अनुरूप ही खाद का उपयोग करने, किसानों को समूह में खेती करने पर जोर दिया गया एवं ऑर्गेनिक से अपने उपज उत्पादन करने एवं मार्केट आधारित ऑर्गेनिक उत्पाद की आवश्यकता पर बताया गया मार्केट लिंकेज पर बल दिया गया मुख्य अतिथि के द्वारा 10 कृषकों को सोएल हेल्थ कार्ड वितरित किया गया।

## मनरेगा योजना संचालन के लिए प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा (लोहरदगा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी सभागार में मनरेगा योजना अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं का सफल क्रियान्वयन को लेकर प्रखंड क्षेत्र के सभी मुखिया, पंचायत सचिव और पंचायत स्तरीय तकनीकी विशेषज्ञों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारम्भ किया गया। प्रशिक्षक सेबेस्टियन सोरेन के द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों पंचायत सचिव और तकनीकी विशेषज्ञों को प्रशिक्षण दिया गया। वही प्रोजेक्टर के माध्यम से सभी मुखिया, पंचायत सचिव तथा प्रज्ञा केंद्र के संचालकों को योजनाओं का सफल क्रियान्वयन को लेकर विभिन्न तरह जानकारियां दी गई।



साथ ही ऑनलाइन योजनाओं का क्रियान्वयन कराने को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान योजना पंजी संधारण, वर्क कोड खोलने, जॉब कार्ड बनाने के अलावे राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून की जानकारी दी गई। साथ ही जानकारी देते हुए बताया गया की प्रखंड में मनरेगा के तहत जितनी भी योजनाएं संचालित है। सभी योजनाओं का ऑनलाइन होगा। और पंचायत में ही सभी कार्यों का संचालन एवं निष्पादन किया जायेगा। मौके पर मुखिया शोभा देवी, धनवाज उरांव, बसंती देवी, राजश्री उरांव, पंचायत सचिव ओमप्रकाश साहु, गुहा उरांव, नागमनी उरांव, प्रज्ञा केंद्र संचालक नीतीश गोस्वामी, सुजीत उरांव सहित अन्य सभी मौजूद रहे।

## बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने किया आवास योजना का निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** अबुवा आवास व प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वर्ष 24-25 में लाभुकों को प्रोत्साहित करने और आवास पूरा कराने को लेकर गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीओ ने उदरंगी पंचायत के हाटी गांव में लाभुक रेखा कुमारी, अनीता देवी, सुनीता देवी, मधु देवी, राजिमन बीबी, मुमताज अंसारी, केशरी महतो, प्रमिला देवी, जिरवा देवी, मोहिनी देवी आदि लाभुकों के आवास योजना का निरीक्षण किए। मौके पर बीडीओ ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल लक्ष्य अबुवा आवास 1292 व प्रधानमंत्री आवास 338 है जिसमे काफी लाभुकों के बैंक खाते में प्रथम किस्त का भुगतान किया जा चुका है। शेष लाभुकों का खाता एनपीसीआई करने के लिए आवास कर्मी को निर्देश गया है। उन्होंने ऐसे लाभुकों को जल्द आवास निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए। कहा कि राशि लेकर आवास नहीं बनाने वाले लाभुकों से राशि की वसूली की जाएगी।

## स्वॉयल हेल्थ कार्ड जागरूकता पर प्रशिक्षण आयोजित

**भंडरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभा भवन में गुरुवार को केंद्रीय प्रवर्तित स्वॉयल हेल्थ और फर्टिलिटी योजना के तहत कृषि विभाग की ओर से स्वॉयल हेल्थ कार्ड जागरूकता पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम मे बिटीएम प्रियांशु मिंज ने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। सहायक कृषि अधिकारी अजय कुमार ने मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए कम लागत वाली कृषि तकनीकी व स्वस्थ ओर स्वच्छ कृषि के लिए पारंपरिक और उन्नत कृषि विधियों की महता के बारे में जानकारी दी गई।

## लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने को लेकर कानूनी जानकारी दी गई

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा के मार्गदर्शन में लिंग आधारित हिंसा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जागरूकता कार्यक्रम लोहरदगा जिला अंतर्गत विभिन्न उच्च विद्यालय एवं कॉलेज में किया गया। सदर प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय, कुजी मे गुरुवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में संरक्षण पदाधिकारी संस्थानिक देखरेख - अनुरंजन कुमार, जिला बाल संरक्षण इकाई समाज कल्याण, लोहरदगा व



आशा कुमारी, महिला पर्यवेक्षिका तथा दिलीप कुमार साहू सोशल वर्कर के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को विभिन्न एक्ट के कानूनी प्रावधानों का संक्षिप्त एवं सामान्य रूप जानकारी प्रदान की गई। अंत में बाल विवाह का शपथ छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकों को कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधानाध्यापक जनार्दन पांडेय शिक्षिका विद्या कुमारी, पुष्पा लकड़ा ,निशा ज्योति लकड़ा, शिक्षक - भीखू उरांव ,संजय तिर्की,आशीष रिचर्ड तिर्की एवं अनिल राम, मेराज अंसारी एवं जेएसएलपीएस के जेंडर सीआरपी में सोनाली तिग्गा एवं रीना केरकेटा के अलावे 200 छात्र छात्राएं उपस्थित थे।


## झारखण्ड सरकार
## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रक्षेत्र)
### जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा

### पशुपालकों के लिए आम सूचना

वित्तीय वर्ष 2024–25 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत विभागीय राज्यादेश संख्या– 14, दिनांक :– 01.07.2024 के द्वारा निर्धारित लक्ष्य के आलोक में निम्नलिखित गव्य विकास की योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए गढ़वा जिला के ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक कृषकों/पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि संबंधित प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय/जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा से कार्यालय अवधि में योजना– वार विहित आवेदन प्रपत्र प्राप्त कर पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र ग्राम सभा की अनुशंसा की कार्यवाही की छायाप्रति के साथ पूर्ण विवरण सहित दिनांक :– 18 दिसंबर 2024 तक जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा में जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।

(क) दो दुधारू गाय/भैंस वितरण–

| क्र0 | योजना का नाम | परियोजना लागत | सरकारी अनुदान 90% एवं लाभुक अंशदान: अहर्ता | लक्ष्य: अन्य जाति | लक्ष्य: अनुसूचित जाति | सरकारी अनुदान 75% एवं लाभुक अंशदान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दो दुधारू गाय/भैंस वितरण | 1,35,050.00 | आपदा (बाढ़, आंधी, तुफान बज्रपात आदि) से प्रभावित परिवार की महिला/ अगलगी से प्रभावित परिवार की महिला/ सड़क दुर्घटना से प्रभावित परिवार की महिला/ परित्यक्त महिला/ दिव्यांग महिला लाभुकों के लिए | 31 | 25 | – |

(ख) कामधेनु डेयरी फार्मिंग–

| क्र0 | योजना का नाम | परियोजना लागत | सरकारी अनुदान 75% एवं लाभुक अंशदान/बैंक ऋण 25% | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति | सरकारी अनुदान 50% एवं लाभुक ऋण अंशदान/बैंक 50% | अन्य सभी जाति, ST/SC को छोड़कर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पांच दुधारू गाय/भैंस वितरण (मिनी डेयरी) | 3,37,625.00 | | 2 | | 02 |

(ग) चैफ कटर का वितरण एवं प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता–

| क्र0 | योजना का नाम | परियोजना लागत | सरकारी अनुदान 90% एवं लाभुक अंशदान 10%: प्रगतिशील दुग्ध उत्पादक/डेयरी उद्यमी के लिए (ग्रामीण क्षेत्र के) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति जिनके पास पूर्व से 05 अथवा 10 उन्नत नस्ल की दुधारू गाय/भैंस हो | अनुसूचित जनजाति | अनुसूचित जाति | सरकारी अनुदान 75% एवं लाभुक अंशदान 25%: अन्य जाति दुग्ध सहकारी समिति जिनके पास पूर्व से 05 अथवा 10 उन्नत नस्ल की दुधारू गाय/भैंस हो |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हस्त चालित चैफ कटर | 8,000.00 | | 25 | 9 | 14 |
| 2 | विद्युत चालित चैफ कटर | 20,000.00 | | 7 | 27 | 32 |
| 4 | पनीर एवं खोआ मेकिंग यूनिट | 1,00,000.00 | | – | 1 | 3 |
| 5 | वर्मी कम्पोस्ट | 25,000.00 | | 14 | 49 | 71 |
| 6 | डीप बोरिंग | 1,00,000.00 | | 1 | 1 | – |
| 7 | काउ मैट | 5,200.00 | | 4 | – | 19 |

**नोट–** आवेदन पत्र के साथ आवेदक का आधार कार्ड, बैंक खाता, जमीन का रसीद, वोटर कार्ड की छायाप्रति के साथ–साथ 02 गाय/भैंस की योजना (90% अनुदान) के मामले में जाति/आपदा/अगलगी से प्रभावित/सड़क दुर्घटना से प्रभावित परिवार की महिला/परित्यक्त/दिव्यांगमहिलाआदि से संबंधित प्रमाण पत्र की छायाप्रति अथवा संबंधित मुखिया/पंचायत समिति सदस्य/जिला परिषद का सदस्य इत्यादि के द्वारा लाभुक द्वारा दिये गये घोषणा पत्र की सत्यता की जांच कर सत्यापित प्रति।

1. लाभुकों के चयन प्रक्रिया में लाभुकों का चयन/अनुशंसा संबंधित ग्राम सभा के साथ–साथ पंचायत स्तरीय समिति द्वारा भी किया जायेगा। पंचायत स्तरीय समिति में ग्राम प्रधान, मुखिया (ग्राम प्रधान नहीं रहने पर) जे0एम0एफ0 का प्रतिनिधि एवं दुग्ध मित्र सदस्य रहेंगे।
2. लाभुकों के चयन हेतु अनुशंसा ग्राम सभा अथवा पंचायत स्तरीय समिति, दोनो से कोई एक द्वारा किया जायेगा साथ हीं साथ झारखण्ड मिल्क फेडरेशन द्वारा संचालित बी0एम0सी0/एम0पी0पी से संबद्ध आवेदक को चयन में प्राथमिकता दी जायगी।
3. विगत पांच वर्षों में जिन परिवारों (JSFSS/NFHS अन्तर्गत परिभाषित) द्वारा अनुदान का लाभ लिया गया है उन्हें पुनः अनुदान अनुमान्य नहीं होगा।
4. मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत चयनित प्रत्येक लाभुकों का ESCROW ACCOUNT/DEDICATED BANK ACCOUNT संबंधित DAHO/DDDO इत्यादि के द्वारा अनिवार्य रूप से खोला जायेगा एवं अनुदान की राशि ESCROW ACCOUNT/DEDICATED BANK ACCOUNT में हीं हस्तांतरित की जायेगी। अंतिम रूप से चयनित होने के उपरांत लाभुकों को भी अपना अंशदान ESCROW ACCOUNT/DEDICATED BANK ACCOUNT में 01 (एक) माह के अंदर जमा करना अनिवार्य होगा तत्पश्चात् लाभुकों को पशुओं के क्रय/प्राप्त करने की अर्हता प्राप्त होगी। पंचायत स्तरीय समिति/ग्राम सभा के द्वारा लाभुक अंशदान संबंधित लाभुकों के ESCROW ACCOUNT/DEDICATED BANK ACCOUNT में जमा कराना सुनिश्चित किया जायेगा। पशुधन/पक्षी इत्यादि के आपूर्ति के उपरांत लाभुक अंशदान एवं अनुदान की राशि एकमुश्त आपूर्तिकर्ता के बैंक खाता में तथा दुधारू पशु बीमा हेतु बीमा कंपनी के बैंक खाते में हस्तांतरित की जायेगी।
5. 02 गाय/भैंस की योजना हेतु ए0पी0एल0 वर्ग के महिला लाभुक जिनके परिवार का एक भी सदस्य संस्थागत भूमिधारक/पूर्व अथवा वर्तमान संवैधानिक पद धारक/केन्द्र एवं राज्य सरकार/लोक उपक्रम/सरकारी स्वायत्तशासी संस्थाओं के कर्मी/मल्टी टास्किंग स्टाफ/वर्ग IV/समूह घ के कर्मी को छोड़कर) 10,000/– अथवा उसके अधिक मासिक पेंशनधारी/पिछले मूल्यांग वर्ष में आयकर का भुगतान किया हो/पेशेवर/यथा चिकित्सक, अभियंता/वकील, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट एवं आर्किटेक्ट वर्ग के होने की स्थिति में इस योजना के पात्र नहीं होंगे। (लाभुकों को वर्णित आशय का स्व–अभिप्रमाणित घोषणा पत्र देना होगा)
6. दुधारू मवेशी वितरण कार्यक्रम अंतर्गत योजना का कियान्वयन सरकारी–सह–लाभुक अंशदान/बैंक ऋण पर किया जायेगा।
7. दुधारू मवेशी वितरण योजना का कियान्वयन के कम में दुधारू मवेशी का कय छः माह के अंतराल पर दो चरणों में किया जायेगा।
8. दुधारू मवेशी वितरण कार्यक्रम अंतर्गत पशु शेड का निर्माण मनरेगा अंतर्गत उपलब्ध निधि के अभिसरण से किया जायेगा। पूर्व से मनरेगा अंतर्गत निर्मित पशु शेड के लाभुकों को पशु शेड का लाभ देय नहीं होगा।
9. योजनान्तर्गत दुधारू पशु की आपूर्ति विभाग द्वारा निबंधित/सूचिबद्ध आपूर्ति कर्ता के द्वारा दुधारू पशुमेला में लाकर नियमानुसार लाभुकों को योजना के आलोक में उपलब्ध कराया जायेगा।
10. हस्त चालित/विद्युत चालित चारा काटने की मशीन की योजना का लाभ योजना कियान्वयन के उपरान्त अनुदान राशि का भुगतान लाभुकों को उनके दावा विपत्र के आधार भौतिक सत्यापन उपरान्त किया जायेगा।
11. चारा काटने की मशीन की योजना के लाभुकों द्वारा हरा चारा उत्पादन किया जाना अनिवार्य होगा।
12. प्रगतिशील डयेरी कृषकों को सहायता की योजना अंतर्गत **आवेदन पत्र के साथ खटाल का कम से कम 05/इससे अधिक दुधारू मवेशी का लाभुक के साथ रंगीन फोटोग्राफ संलग्न करना अनिवार्य होगा।** अंतिम रूप से चयन उपरांत योजना कियान्वयन के पश्चात् स्वीकृत अनुदान राशि का भुगतान विभाग द्वारा निर्धारित दर अथवा राज्यादेश में उल्लेखित दर दोनों में से जो कम होगा, के आधार पर कय उपरांत लाभुकों के द्वारा प्रस्तुत विपत्र के आधार पर भौतिक सत्यापन के उपरान्त अनदुान राशि का भुगतान किया जायेगा।
13. वर्मी कम्मोस्ट यूनिट एवं बोरिंग आदि हेतु सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृत प्राप्त प्राक्कलित राशि अथवा योजना के अनुमानित लागत दोनों में से जो कम हो के आधार पर कार्य उपरांत अनुदान की राशि लाभुकों के दावा विपत्र के आधार पर भौतिक सत्यापन के उपरान्त किया जायेगा।
14. चारा काटने की मशीन, मिल्कींग मशीन, पनीर एवं खोआ मेकिंग यूनिट तथा काउ मैट आदि की विशिष्टियों/गुणवत्ता विभाग द्वारा निर्धारित की जायेगी।
15. लाभुकों को अनदुान राशि का भुगतान बैंक खाते में डी0बी0टी के माध्यम से झारखण्ड कोषागार संहिता 2016 के आलोक में किया जायेगा।

**नोट :–** विशेष जानकारी के लिए कार्यालय अवधि में मो0– **9934347324** पर संपर्क करें

निवेदक
जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 341269 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department (24-25)_D


# राष्ट्रीय युवा दिवस पर जिले भर में होगे कई कार्यक्रम

### जिला खेल पदाधिकारी तैयारी में जुटे

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय युवा दिवस-2024 पर जिला स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए विभिन्न स्थलों का चयन किया गया है। नया नगर भवन, लोहरदगा में सामूहिक लोकनृत्य (वाद्य यंत्र सहित), सामूहिक लोकगीत, एकल लोकनृत्य, एकल लोकगीत, फोटोग्राफी की प्रतियोगिता होगी जिसमें 15 से 29 वर्ष के बीच प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। मध्य विद्यालय, कुटमू, लोहरदगा में कविता लेखन की प्रतियोगिता होगी जिसमें प्रतिभागियों की उम्र 15 से 29 वर्ष निर्धारित की गई है। बीएस कॉलेज, लोहरदगा में चित्रकला, भाषण, विज्ञान मेला (एकल) और विज्ञान मेला (सामूहिक) प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी जिसके लिए प्रतिभागियों की उम्र 15 से 29 वर्ष रखी गई है। सभी कार्यक्रम का थीम विकसित भारत 2047 पर आधारित होगा। उपरोक्त संबंध में डीसी, लोहरदगा की ओर से बीएस कॉलेज लोहरदगा, एमएलए महिला कॉलेज लोहरदगा, उसुर्लाईन महिला बीएड कॉलेज लोहरदगा, महिला कॉलेज बरही लोहरदगा, बीएड कॉलेज टिको लोहरदगा, डीएवी पब्लिक स्कूल, सेकेण्डरी प्लस टू उच्च विद्यालय लोहरदगा, केंद्रीय विद्यालय, सेकेंडरी प्लस टू उच्च विद्यालय लोहरदगा, डीटीपीएस सेकेण्डरी प्लस टू उच्च विद्यालय, लोहरदगा, सभी सरकारी/गैर सरकारी प्लस टू उच्च विद्यालयों के प्राचार्य को सूचित कर कार्यक्रम के लिए छात्र-छात्राओं का चयन कर उपायुक्त कार्यालय, लोहरदगा के कार्यालय में 9 दिसंबर को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 4.30 बजे तक पंजीकरण कराने का निर्देश दिया गया है। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। अधिक जानकारी के लिए खेल पदाधिकारी, लोहरदगा के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।


## झारखण्ड, सरकार कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रक्षेत्र), जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा।
### पशुपालकों के लिए आम सूचना

विभागीय राज्यादेश संख्या– 23, दिनांकः–31.07.2024 के द्वारा गढ़वा जिला के इच्छुक व्यक्तिगत लघु उद्यमि/युवा शिक्षित बेरोजगार/स्वयं सहायता समूह के सदस्य/प्रगतिशील पशुपालकों को वित्तीय वर्श 2024–25 से 2025–26 की अवधि अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रो में सरकारी अनुदान–सह–बैंक ऋण/लाभुक लाभुक अंशदान (सामान्य जाति के लिए 25 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के लिए 33.33 प्रतिशत अनुदान) पर दो चरणों में कार्यान्वित किये जाने वाली कामधेनु डेयरी फॉर्मिंग योजना अन्तर्गत 50 दुधारू गाय/भैंस हेतु आवेदन पत्र प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अंदर विहित प्रपत्र में आमंत्रित किये जाते हैं। जिले में झारखण्ड मिल्क फेडरेशन के कार्यक्षेत्र में चिन्हित दुग्ध पथों के इर्द–गिर्द एवं पूर्व से दुधारू मवेशी पालन करने वाले आवेदकों को प्राथमिकता के आधार पर चयन कर क्रियान्वित किया जाएगा।

आवेदन पत्र जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा से निःशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं। पूर्ण रूप से भरे हुए फोटोयुक्त आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, बैंक खाता एवं भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा ग्रामसभा से अनुशंसित ग्राम सभा की कार्यवाही की छायाप्रति संबंधित मुखिया द्वारा अभिप्रमाणित किया हुआ कार्यालय अवधि में जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा में जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा आवेदन की मान्यता नहीं दी जायेगी एवं उसे रदद् कर दिया जायेगा।

योजना की विवरणी निम्नवत्त है :–

| योजना का नाम | परियोजना लागत | लक्ष्य | अनुदान प्रतिशत | बैंक ऋण | लाभुक अंशदान 10% | लाभुक की अहर्तायें |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कामधेनु डेयरी फार्मिंग अन्तर्गत 50 (पचास) दुधारू गाय/भैंस की योजना | 3976250/– | 6 | 25% सामान्य जाति के लिए | 65% सामान्य जाति के लिए | 10% | इच्छुक व्यक्तिगत लघु उद्यमि/युवा शिक्षित बेरोजगार/स्वयं साहायता समूह के सदस्य/प्रगतिशील पशुपालक |
| | | 1 | 33.33% अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए | 56.67% अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए | 10% | |

नोटः– 1. लाभुकों का अंतिम चयन उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जायेगा।
2. अनुदान का लाभ **Bank Ended** के रूप में लाभुक के बैंक खाते में किया जायेगा।
3. विशेष जानकारी के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा में स्वयं आकर कार्यालय अवधि में संपर्क किया जा सकता है।

निवेदक
जिला गव्य विकास पदाधिकारी,गढ़वा।

PR 341265 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25)D

